जिला घरेलू उत्पाद में वृद्धि हेतु

''उत्प्रेरक तथ्य''

अर्थ एवं संख्या प्रभाग

राज्य नियोजन संस्थान,नियोजन विभाग

उत्तर प्रदेश

Website: http://updes.up.nic.in

E-mail : upesd@nic.in

फोन न0 – 0522–2238969

उत्तर प्रदेश

उत्तराखण्ड
नेपाल
हरियाणा
राजस्थान
मध्यप्रदेश
झारखण्ड
छत्तीसगढ़
दिल्ली
पश्चिमांचल
मध्यांचल
पूर्वांचल
बुन्देलखण्ड

प्रस्तावना

नियोजन प्रक्रिया एवं नीति निर्धारण हेतु राष्ट्रीय आय एवं राज्य स्तर पर राज्य आय अनुमान आधार स्तम्भ है। प्रचलित एवं स्थाई भावों पर तैयार राज्य आय अनुमान, एक वर्ष की अवधि में राज्य की भौगौलिक सीमाओं के अन्दर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के परिमाण का मापक है। राष्ट्रीय एवं राज्य आय अनुमानों की भाँति राष्ट्रीय साँख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित रीति विधान के अनुरूप आँकड़ों की उपलब्धता के आधार पर, प्रदेश में जनपद स्तर पर जिला घरेलू उत्पाद का आंकलन (अर्थव्यवस्था के केवल वस्तु उत्पादन खण्डों से) वर्ष 1960–61 के आंकलन से प्रारम्भ किया गया। कालान्तर में वर्ष 1997–98 से अर्थव्यवस्था के सभी खण्डों से जिला आय अनुमान तैयार किये जा रहे है। यद्यपि समस्त आर्थिक गतिविधियों की जनपदवार आँकड़ों के पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण जिला घरेलू उत्पाद का यह आंकलन सांकेतिक रूप से जनपद की आय का एक अनुमान प्रस्तुत करता है। इस आंकलन में प्राथमिक खण्ड हेतु जनपदवार उपलब्ध आँकड़ों का प्रयोग किया जाता है, परन्तु अन्य खण्डों यथा द्वितीयक एवं तृतीयक खण्डों के लिए जनपद स्तर पर समुचित आँकड़े उपलब्ध न होने के कारण राज्य स्तर पर उपलब्ध आँकडों को कतिपय संकेतांकों के आधार पर जनपद स्तर पर वितरित करने की प्रक्रिया प्रयोग में है।

प्रदेश की राज्य आय को वन ट्रिलियन डालर अर्थ व्यवस्था का मूर्त रूप देने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक जनपद स्तर पर, जनपद विशेष की संभावनाओं का समुचित चिन्हांकन करते हुए उनके विकास के लिये प्रयास किया जाय। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल प्रदेश में जनपदों की संख्या एवं उनकी विषमताओं के दृष्टिगत प्रत्येक जनपद स्तर पर संसाधनों की उपलब्धता एवं उनकी क्षमताओं को दृष्टि में रखते हुए, जनपद स्तर पर नवाचार एवं नवोन्मेषी विधियों/क्रियाओं के आधार पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए, जिला घरेलू उत्पाद में सापेक्षित वृद्धि के प्रयास किये जाने अपेक्षित है।

जनपद स्तर पर किये जाने वाले उक्त अपेक्षित प्रयासों को साकार करने हेतु वर्ष 2018–19 के जिला घरेलू उत्पाद के जनपदवार आंकलन की खण्डवार विवेचना करते हुए जनपद विशेष की स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों के दृष्टिगत कतिपय महत्वपूर्ण संभावित प्रयासों के संदर्भ में तैयार की गई प्रस्तुत पुस्तिका जनपद विशेष के लिये उपयोगी होगी।

मुझे आशा है कि प्रस्तुत संकलन, नीति निर्धारकों, प्रशासकों एवं शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगें, साथ ही संकलन को और उपयोगी बनाने हेतु तकनीकी रूप से व्यवहारिक सुझावों का समावेश करने हेतु हम सदैव तत्पर है।

28/7/20

(अरविन्द कुमार पाण्डेय)
निदेशक

लखनऊः दिनांकः 28.07.2020

प्रकाशन से सम्बन्धित अधिकारी एवं सहायक

श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय	निदेशक

प्रावैधिक मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण

श्रीमती मालोविका घोषाल	संयुक्त निदेशक
श्रीमती शालू गोयल	उप निदेशक

पाण्डुलिपि संरचना, समन्वय एवं परिनिरीक्षण कार्य

श्री जीत लाल	अपर साँख्यिकीय अधिकारी
श्रीमती सोमना वशिष्ठ	अपर साँख्यिकीय अधिकारी
श्री ज्योति कुमार पाल	अपर साँख्यिकीय अधिकारी

टंकण

श्रीमती आभा	कनिष्ठ सहायक

पुस्तिका संरूपण एवं कवर पृष्ठ डिजाइन

श्री अरविन्द सिंह	ग्राफ आर्टिस्ट
श्री मोहन सिंह	वरिष्ठ सहायक

विषय सूची

क्र.सं.	मद	पृष्ठ संख्या
1	भूमिका	1-5
	जिला घरेलू उत्पाद अनुमान(औद्योगिक स्रोतानुसार) प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) खण्डवार संक्षिप्त विवरण सहित जनपदवार वृद्धि हेतु उत्प्रेरक तथ्य	**6-232**
2	**पश्चिमांचल सम्भाग**	**6-95**
2.1	जनपद–सहारनपुर	6-8
2.2	जनपद–मुजफ्फरनगर	9-11
2.3	जनपद–शामली	12-14
2.4	जनपद–बिजनौर	15-17
2.5	जनपद–मुरादाबाद	18-20
2.6	जनपद–सम्भल	21-23
2.7	जनपद–रामपुर	24-26
2.8	जनपद–अमरोहा	27-29
2.9	जनपद–मेरठ	30-32
2.10	जनपद–बागपत	33-35
2.11	जनपद–गाजियाबाद	36-38
2.12	जनपद–हापुड़	39-41
2.13	जनपद–गौतमबुद्ध नगर	42-44
2.14	जनपद–बुलन्दशहर	45-47
2.15	जनपद–अलीगढ़	48-50
2.16	जनपद–हाथरस	51-53
2.17	जनपद–मथुरा	54-56
2.18	जनपद–आगरा	57-59
2.19	जनपद–फिरोजाबाद	60-62
2.20	जनपद–एटा	63-65
2.21	जनपद–कासगंज	66-68
2.22	जनपद–मैनपुरी	69-71
2.23	जनपद–बदायूँ	72-74
2.24	जनपद–बरेली	75-77
2.25	जनपद–पीलीभीत	78-80
2.26	जनपद–शाहजहाँपुर	81-83
2.27	जनपद–फर्रूखाबाद	84-86
2.28	जनपद–कन्नौज	87-89
2.29	जनपद–इटावा	90-92
2.30	जनपद–औरैया	93-95
3	**मध्यांचल सम्भाग**	**96-125**
3.1	जनपद–खीरी	96-98
3.2	जनपद–सीतापुर	99-101
3.3	जनपद–हरदोई	102-104
3.4	जनपद–उन्नाव	105-107

क्र.सं.	मद	पृष्ठ संख्या
3.5	जनपद– लखनऊ	108-110
3.6	जनपद–रायबरेली	111-113
3.7	जनपद–कानपुर देहात	114-116
3.8	जनपद–कानपुर नगर	117-119
3.9	जनपद–फतेहपुर	120-122
3.10	जनपद–बाराबंकी	123-125
4	**बुंदेलखण्ड सम्भाग**	**126-146**
4.1	जनपद–जालौन	126-128
4.2	जनपद–झाँसी	129-131
4.3	जनपद–ललितपुर	132-134
4.4	जनपद–हमीरपुर	135-137
4.5	जनपद–महोबा	138-140
4.6	जनपद–बांदा	141-143
4.7	जनपद–चित्रकूट	144-146
5	**पूर्वांचल सम्भाग**	**147-232**
5.1	जनपद–प्रतापगढ़	147-149
5.2	जनपद–कौशाम्बी	150-152
5.3	जनपद–प्रयागराज	153-156
5.4	जनपद–अयोध्या	157-159
5.5	जनपद–अम्बेडकरनगर	160-162
5.6	जनपद–सुल्तानपुर	163-165
5.7	जनपद–अमेठी	166-168
5.8	जनपद–बहराइच	169-171
5.9	जनपद–श्रावस्ती	172-174
5.10	जनपद–बलरामपुर	175-177
5.11	जनपद–गोण्डा	178-180
5.12	जनपद–सिद्धार्थनगर	181-183
5.13	जनपद–बस्ती	184-186
5.14	जनपद–संतकबीरनगर	187-189
5.15	जनपद–महाराजगंज	190-192
5.16	जनपद–गोरखपुर	193-195
5.17	जनपद–कुशीनगर	196-198
5.18	जनपद–देवरिया	199-201
5.19	जनपद–आजमगढ़	201-204
5.20	जनपद–मऊ	205-207
5.21	जनपद–बलिया	208-210
5.22	जनपद–जौनपुर	211-213
5.23	जनपद–गाजीपुर	214-216
5.24	जनपद–चन्दौली	217-219
5.25	जनपद–वाराणसी	220-223
5.26	जनपद–भदोही	224-226
5.27	जनपद–मीरजापुर	227-229
5.28	जनपद–सोनभद्र	230-232
6	**परिशिष्ट–1 :**	**233-242**
6.1	सकल जिला घरेलू उत्पाद वर्ष 2018–19(अनन्तिम) अवरोही क्रम में	233-234

क्र.सं.	मद	पृष्ठ संख्या
6.2	निवल जिला घरेलू उत्पाद वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) अवरोही क्रम में	235-236
6.3	प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) अवरोही क्रम में	237-238
6.4	सकल जिला घरेलू उत्पाद (प्रतिशत अंश) प्रचलित भावों पर, वर्ष 2016–17, वर्ष 2017–18 व वर्ष 2018–19(अनन्तिम)	239-240
6.5	निवल जिला घरेलू उत्पाद(प्रतिशत अंश) प्रचलित भावों पर वर्ष 2016–17, वर्ष 2017–18 व वर्ष 2018–19(अनन्तिम)	241-242
7	**परिशिष्ट–2 :** जिला घरेलू उत्पाद, उत्तर प्रदेश	243-245
8	**परिशिष्ट–3 :** आर्थिक जोनवार जनपदों का विवरण	246

❄❄❄❄

भूमिका

उत्तर प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान रखता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.8 प्रतिशत के योगदान के साथ महाराष्ट्र व तमिलनाडु के बाद प्रदेश तीसरे स्थान पर है। वर्ष 2018–19 में उत्तर प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद 16.68 लाख करोड़ (0.234 ट्रिलियन डॉलर) अनुमानित है तथा प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 5.3 प्रतिशत है जिसके सापेक्ष देश की सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष की तुलना में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

जनगणना 2011 के अनुसार देश की कुल जनसंख्या का लगभग 16 प्रतिशत अंश उत्तर प्रदेश में निवास करता है। जनसंख्या बाहुल्य होने के बावजूद प्रदेश में कार्य सहभागिता दर 32.9 प्रतिशत है जो कि देश की कार्य सहभागिता दर 39.8 प्रतिशत से कम है। संभवतः इसका मुख्य कारण प्रदेश में महिलाओं की कार्य सहभागिता दर कम (16.7 प्रतिशत) होना है।

सरकार द्वारा किये गये प्रयास यथा–इन्वेस्टर्स समिट, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, डिफेन्स कॉरीडोर, ओ0डी0ओ0पी0, स्किल इण्डिया, स्टार्टअप इण्डिया इत्यादि ने आर्थिक विकास में उत्प्रेरक का कार्य किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015–16 (वर्ष 2018–19 को छोड़कर) से राज्य की विकास दर राष्ट्रीय विकास दर से अधिक रही।

वर्तमान परिदृश्य में राज्य की अर्थव्यवस्था में प्राथमिक खण्ड का योगदान 25.8 प्रतिशत, माध्यमिक खण्ड का योगदान 27.0 प्रतिशत तथा तृतीयक खण्ड का योगदान 47.2 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि तृतीयक खण्ड का योगदान प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक है। खण्डवार वृद्धि दर की निम्न तालिका से स्पष्ट है कि प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है–

तालिका–2.01 : खण्डवार सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर

(प्रतिशत में)

क्र.सं.	खण्ड	2017–18	2018–19
1.	प्राथमिक	9.1	2.1
2.	माध्यमिक	4.2	4.5
3.	तृतीयक	8.3	7.6
4.	जीएसडीपी	7.2	5.3

प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास के उत्प्रेरक (ग्रोथ इंजन)

ग्रोथ इंजन अर्थव्यवस्था के सतत् विकास दर को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। प्रदेश में तकनीकी उन्नयन, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलवमेंट, कृषि तथा विनिर्माण में विकास, कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार सृजन एवं निवेश इत्यादि के सम्बन्ध में उचित नीतिगत निर्णय द्वारा कम समय में लक्ष्य की ओर अग्रसर हुआ जा सकता हैं। उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान प्रदेश है। अधिकांश जनसंख्या कृषि तथा सम्वर्गीय क्रियाकलापों एवं सूक्ष्म व लघु उद्योगों में कार्यरत है। अतः कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र, एम0एस0एम0ए0ई0, पर्यटन, अवस्थापना विकास, ऊर्जा, आई0टी0 एवं स्र्टाटप्स इत्यादि प्रदेश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में अर्थव्यवस्था को लक्ष्य तक पहुँचाने की क्षमता रखते हैं। इस प्रकार प्रमुख संभाव्यता वाले क्षेत्र निम्नवत हैः–

1. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र

उत्तर प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं पशुपालन खण्ड का योगदान लगभग 23 प्रतिशत है तथा कुल कर्मकरों का लगभग 50 प्रतिशत प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में कृषि खण्ड असंगठित विनिर्माण क्षेत्र, सेवा खण्ड, परिवहन, भण्डारण एवं संचार खण्ड का मुख्य संचालक है। कृषि खण्ड के विकास में पशुधन, मत्स्य एवं खाद्य प्रसंस्करण की

महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त के अतिरिक्त कृषि खण्ड के सतत् विकास हेतु ड्रिप सिंचाई, यंत्रीकृत कृषि, वार्टिकल फार्मिंग, सगन्ध व औषधीय कृषि एवं ऑरगेनिक/कामर्शियल फार्मिंग अधिक उपजदायी किस्म के उन्नतिशील बीजों का ससमय वितरण, मृदा स्वास्थ्य में गिरावट को रोकना, सौर ऊर्जा चालित ट्रैक्टर्स/पम्पसेट्स/ट्यूबवेल्स का प्रयोग, कृषि जलवायु क्षेत्र अनुकूल फसल चक्र अपनाना, अधिक से अधिक पशुचिकित्सालयों की स्थापना एवं मत्स्य विकास नीति का प्रभावी कार्यान्वयन इत्यादि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

यद्यपि प्रदेश में कृषि उत्पादन प्रादेशिक जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति हेतु उच्च स्तर पर है परन्तु अन्य प्रदेशों पंजाब व हरियाणा की तुलना में प्रदेश में उत्पादकता कम है जैसाकि निम्न सारणी से स्पष्ट है–

तालिका–2.02 : प्रमुख फसलों की उत्पादकता वर्ष 2016–17 (क्रि0ग्रा0/हेक्टेयर)

क्र0सं0	राज्य/मद	गेहूँ	धान	तिलहन	गन्ना
1	पंजाब	4704	3998	1386	81273
2	हरियाणा	4514	3213	1832	80618
3	उत्तर प्रदेश	3113	2295	876	64893

स्रोत– कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।

कृषि से सम्बद्ध क्षेत्र–रेशम निदेशालय के प्रयासों से प्रदेश में कच्चे रेशम हेतु कीट पालन क्षेत्र में विकास हो रहा है। वर्ष 2018–19 में प्रदेश का कुल कच्चा रेशम उत्पादन लगभग 300 मीट्रिक टन और कोया उत्पादन लगभग 26000 था। रेशम कीट विकास योजना, रेशम अनुसंधान एवं विकास योजना, उष्णकटिबंधीय टसर के लिए नर्सरी पौध उत्पादन की योजना के माध्यम से रेशम कीट पालन उद्योग को प्रोत्साहित करके राज्य में रेशम उत्पादन बढ़ाते हुये जिला घरेलू उत्पाद में वृद्वि सुनिश्चित होगी।

पशुधन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश एक समृद्ध राज्य है। देश के कुल पशुधन का 13.4 प्रतिशत पशु सम्पदा उत्तर प्रदेश में है। गोवंशीय पशु, महिषमंशी पशु, बकरी, भेड़ सूकर, कुक्कुट व अन्य पशुधन आदि के स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, टीकाकरण आदि कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे है, जिससे उच्च प्रजनन क्षमता एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को व्यापक गति मिल सके। पशुपालन सीधे किसानों के हित से जुड़ा है अतः पशुओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार के व्यवसाय किये जा सकते है और इससे वर्ष 2022 तक किसानों के आय को दोगुना करने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पशुधन क्षेत्र में विकास हेतु व्यावयासिक बटेरपालन, ब्रायलर पालन, चारा उत्पादन हेतु बाजरे व बरसीम की खेती, कुक्कुट पालन, भेड़, बकरी व सुकर पालनके माध्यम से दूध, अण्डा, मांस व ऊन इत्यादि पशुउत्पाद में वृद्धि की जा सकती है।

कुक्कुट पालन योजना, जोखिम प्रबन्धन एवं पशु धन बीमा आदि योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है जिससे प्रदेश में जनपद स्तर पर आर्थिक विकास को गति दिया जा सके। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में जहाँ उत्तर प्रदेश भारत में प्रथम स्थान पर है वहीं भारत विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक देश है। **''सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक राज्य होने के उपरान्त भी संगठित क्षेत्रों द्वारा दुग्ध प्रसंस्करण 12 प्रतिशत से भी कम हो पा रहा है जबकि भारत का औसत दुग्ध प्रसंस्करण 17 प्रतिशत है। सर्वाधित दुग्ध प्रसंस्करण गुजरात में 49 प्रतिशत है।''*(स्रोत–एन.डी.डी.बी.)*** इस क्षेत्र में जिला घरेलू उत्पाद में वृद्वि की असीम संभावनाएं है।

कृषि में उत्पादन के साथ कृषकों की आय बढ़ाने के लिये **मधुमक्खी पालन** को प्रोत्साहन अतिआवश्यक है मधुमक्खी पालन से अनाज व फल उत्पादन में परागण(पालीनेशन) के कारण अच्छी वृद्धि की संम्भावना है, जिससे जिले की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। साथ ही मधुमक्खी

पालन से मिलने वाले उपउत्पाद जैसे वेनम पालन, रायल जेली, प्रोपेलिस, शहद तथा वैक्स कृषकों की आय में निश्चित तौर पर वृद्धि में सहयोगी होंगे।

जल संचयन को विशेष प्राथमिकता देते हुये उपलब्ध तालाबों को संरक्षित करते हुये नये तालाबों का निर्माण भी जिला आय में वृद्धि की करने की क्षमता से परिपूर्ण है। सिंचाई में सहयोग के साथ तालाब में मछली उत्पादन (कुक्कुट पालन के साथ), सिंघाड़ा व कमल के फूल की खेती को प्रोत्साहित कर आय में वृद्धि की जा सकती है। जनपद स्तर पर **मत्स्य पालन** कम लागत का उद्योग होने के कारण मछली पालन में रोजगार के अवसर असीमित है। पर्यावरणीय पर्यटन के रूप में भी मत्स्य उद्योग में असीम सम्भावनायें है। सजावटी मछलियों की बढ़ती मांग के चलते भी इस उद्योग में सीमा से अधिक विस्तार की सम्भवना है। इसके लिए आवश्यक है कि गुणवत्तायुक्त बीज मत्स्य पालकों को उपलब्ध कराया जाये तथा स्थानीय स्तर पर ही उत्पादकता के अनुरूप विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये इस हेतु बहुउद्देशीय कोल्ड स्टोरेज, जो फल, फूल, सब्जी, दूघ मांस आदि के लिए भी प्रयुक्त हो सके, की स्थापना से उत्पादों को सुरक्षित रखने की समस्या दूर होगी। मत्स्य पालन के साथ–साथ मत्स्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसके अन्तर्गत मछली का अचार, तेल, फिश मील (खाद) आटा, ग्लू आदि का निर्माण छोटे स्तर पर करते हुए जिला घरेलू आय में वृद्वि सुनिश्चित की जा सकती है।

2. एम0एस0एम0ई0

देश के कुल विनिर्माण उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 8 प्रतिशत है एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश अग्रणी है। राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। एमएसएमई सेक्टर कृषि के बाद सबसे कम पूंजी में रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। देश में सर्वाधिक (अनुमानतः 14.2 प्रतिशत) एम0एस0एम0ई0 उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्य है जिसमें–हस्तशिल्प उत्पाद, इंजिनियरिंग गुड्स, रेडीमेड गारमेंन्ट्स, जरदोजी, कालीन, चर्म उत्पाद, सिल्क उत्पाद इत्यादि सम्मिलित है। प्रदेश सरकार द्वारा ओ0डी0आ0पी0 स्कीम की सहायता से अगले कुछ वर्षों में एम0एस0एम0ई0 उत्पादों के निर्यात को बढ़ाकर 5 ट्रिलियन रूपये तक करने का लक्ष्य है।

भविष्य में बाजार की मांग के आधार पर पाठयक्रम और व्यापार कौशल प्रदान करने हेतु कम एच0डी0आई0 वाले जनपदों में माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ डिप्लोमा स्तर के तकनीकी शिक्षा संस्थानों की स्थापना करने और कौशल विकास मिशन के माध्यम से दिव्यांग, महिलाओं और व्यक्तियों के लिए कौशल/नौकरियों के नए सेट डिजाईन किये जाने का लक्ष्य है। कौशल विकास को शत–प्रतिशत रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़कर सभी के लिए काम की परिस्थितियां पैदा की जा सकती है।उत्तर प्रदेश जैसे विशाल प्रदेश में एम0एस0एम0ई0 खण्ड के अन्तर्गत जिला आय में वृद्धि की असीम सम्भावनायें है।

वर्तमान कोरोना संक्रमण काल में **माइग्रेटेड लेबर** की लिस्ट उनके स्किल को मैप करते हुये जनपद स्तर पर तैयार करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस स्किल्ड श्रम शक्ति को जनपद, अर्न्तजनपदीय विभिन्न प्रदेशों में व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग के अनुरूप संक्षिप्त प्रशिक्षण देते हुये नियोक्ता की भूमिका निभा कर जनपद व उन श्रामिकों दोनो की आय में वृद्धि के साथ रोजगार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

3. पर्यटन

वर्ष 2018 में आने वाले कुल पर्यटकों की संख्या के अनुसार प्रदेश का देश में द्वितीय स्थान तथा विदेशी पर्यटको की संख्या के अनुसार देश में तृतीय स्थान रहा। पर्यटन खण्ड न केवल 2.28 लाख लोगो को रोजगार प्रदान करता है बल्कि विदेशी मुद्रा अर्जन का भी प्रमुख स्रोत है।

पर्यटन में **पेंइगगेस्ट योजना** (किसी निजी मकान मालिक द्वारा अपने घर का एक हिस्सा (कुछ कमरे) पर्यटकों को किराये पर उपलब्ध कराते हुए नाश्ता/भोजन की भी सुविधा उपलब्ध करा सकेगा एवं कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिये आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा), **इन्क्रेडेबिल इंडिया के अन्तर्गत बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना** (विदेशी पर्यटकों को भारतीय परिवार के साथ रहने उनकी संस्कृति का अनुभव व परंपराओं को समझने और भारतीय व्यजानों के स्वाद के लिये एक उत्कृष्ट अवसर के रूप में) तथा **रूरबन विलेज** (The Rurban village) को प्रोत्साहन कर जिला आय में वृद्धि की जा सकेगी।

4. अवस्थापना विकास

अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत परिवहन, संचार, ऊर्जा तथा पेयजल विकास संबंधी भौतिक सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इन सुविधाओं की सुदृढ़ एवं व्यापक व्यवस्था के बिना समग्र आर्थिक विकास सम्भव नहीं है। अवस्थापना सुविधाओं पर किया जा रहा निवेश, कृषि, उद्योग तथा व्यापार के विकास हेतु उत्प्रेरक का कार्य करता है। राज्य में परिवहन एवं संचार व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उपयोगी बनाने की दृष्टि से प्रदेश में सड़क मार्गों, एक्सप्रेस वेज, रेल मार्गों, वायु मार्गों, जल मार्गों एवं मेट्रो रेल के विकास पर अधिक बल दिया जा रहा है। अवस्थापना विकास हेतु प्रदेश में **डिफेंस कॉरिडोर**, (आगरा, अलीगढ़, चित्रकूट, झॉसी, कानपुर एव लखनऊ)**गंगा एक्सप्रेस–वे** (मेरठ, अमरोहा, बुलन्दशहर, बदाँयू, शाहजहाँपुर, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज कुल 12 जिले), **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे** (गोरखपुर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, संतकबीर नगर कुल 4 जिले), **पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे** (लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर कुल 9 जिले), **बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे** (चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, औरैया, इटावाकुल 7 जिले), **स्मार्ट सिटी मिशन**(उत्तर प्रदेश में 12 शहरों यथा मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, रामपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया है) आदि परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे** न केवल प्रदेश के अवध और पूर्वांचल क्षेत्रों को जोड़ेगा, बल्कि इसके निर्माण से पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी के साथ **आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे** तथा **यमुना एक्सप्रेस–वे** के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से भी जुड़ जाएगा।

वायु परिवहन के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है। गौतमबुद्ध नगर में जेवर एयरपोर्ट तथा अलीगढ़, आजमगढ़, बरेली, चित्रकूट, झांसी, मुरादाबाद, सोनभद्र–म्योरपुर, श्रावस्ती में एयरपोर्ट विकसित किये जा रहे है।

जल परिवहन के क्षेत्र में विकास की असीम सम्भावना है, राष्ट्रीय जल मार्ग–1 प्रयागराज से शुरू हो कर पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक जाता है। यह प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर तथा बलिया से हो कर गुजरता है, जल परिवहन इनवायरमेण्ट फ्रैण्डली, इम्प्लायमेण्ट ओरिएण्टेड, इकोनामिक व फ्यूल एफीशिएण्ट है। इसके अतिरिक्त ऐसे शहरों को जहाँ सम्भव हो पब्लिक ट्रांसपोर्ट थ्रू स्टीमर या क्रूज विकसित कर आय के साधन व ट्रेफिक प्रबन्धन के नये आयाम प्रारम्भ किये जा सकते है। उदाहरण के तौर पर लंदन के वाटरवेज टेम्स नदीया फ्रांस के वाटरवेज ल्वायर नदी (फ्रांस की सबसे बड़ी नदी) के तर्ज पर।

उपर्युक्त अवस्थापनागत विकास से रोजगार सृजन के अतिरिक्त पर्यटन, व्यापार, विनिर्माण, निर्माण, स्थानीय उत्पाद तथा अन्य सेवा क्षेत्रों में भी समग्र विकास के साथ ही जिला घरेलू उत्पाद में वृद्वि की असीम संभावनाएं सृजित होंगीं।

5.ऊर्जा

अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में ऊर्जा की आधारभूत आवश्यकता है। कृषि, औद्योगिक विकास, चिकित्सा एवं शिक्षा आदि क्षेत्रों में अभिवृद्धि के लिए विद्युत की उपलब्धता महत्वपूर्ण घटक है। उत्तर प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं आपूर्ति मे सुधार के साथ ऊर्जा के गैर–परंपरागत स्रोतों का उपयोग सुनिश्चित करते हुए ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन परियोजनाएं, मिनी–ग्रिड सोलर पावर प्लान्ट परियोजना कार्यक्रम, रूफटाप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पीवी पावर प्लाण्ट का क्रियान्वयन, सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के माध्यम से स्थानीय मांग की आपूर्ति के साथ जिला घरेलू उत्पाद में वृद्वि सुनिश्चित होगी।

6.आई0टी0 एवं स्टार्टअप्स

आई0टी0 इन्ड्रस्ट्रीज, स्टार्टप्स, अवस्थापना, मानव संसाधन विकास और प्रभावी नीतियों द्वारा उत्तर प्रदेश आई0टी0 सेक्टर के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। उक्त के क्रम में पी0पी0पी0 माडल पर लखनऊ में आई0टी0 सिटी की स्थापना की गयी है। इसी प्रकार आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, बरेली आदि स्थानों पर प्रस्तावित आई0टी0 पार्क का निर्माण करते हुये जिला घरेलू उत्पाद में वृद्वि की ओर अग्रसरित हुआ जा सकता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों यथा अवस्थापना, ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, चिकित्सा, एम0एस0एम0ई0, ओ0डी0ओ0पी0, रक्षा उद्योग, टेक्सटाइल हब, आई0टी0 सिटी एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित अनेक क्षेत्रों में विकासपरक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस दिशा में प्रदेश निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसरित है। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप निश्चित ही इसका प्रभाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर स्थायी रूप से पड़ेगा। इसका एक पहलू यह भी है कि क्षेत्रीय स्तर पर सम्बन्धित जनपद में सहायक यूनिट के विकास को भी मदद मिलेगी जो जनपद के लिये एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हुये जिला घरेलू उत्पाद की वृद्धि में सहायक होगी, साथ ही जिला घरेलू उत्पाद अनुमान वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) का खण्डवार विस्तृत विवरण प्रभाग की वेबसाइट पर पुस्तिका के रूप में उपलब्ध है।

जिला घरेलू उत्पाद वर्ष 2018–19 के इन अनुमानों का खण्डवार आंकलन करते हुये जनपद के लिये सुझावात्मक रूप से कतिपय उत्प्रेरक तथ्यों का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण आगामी पृष्ठों में प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के जनपदों की आर्थिक स्थिति व भौगोलिकता को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश को चार आर्थिक क्षेत्रों (परिशिष्ट–2) क्रमशः पश्चिमांचल (30 जनपद), मध्यांचल (10 जनपद), बुन्देलखण्ड (07 जनपद) एवं पूर्वांचल (28 जनपद), में विभाजित किया गया है। अतएव आर्थिक क्षेत्र के जनपदों का प्रस्तुतीकरण अग्र पृष्ठों पर वर्णित है–

क्रमशः .....

पश्चिमांचल सम्भाग



जिला घरेलू उत्पाद का क्षेत्रवार स्थिति

सहारनपुर

1	क्षेत्रफल–363791 (हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 362265	2401
	नगरीय–	हेक्टेयर 1526	1067
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत(वर्ष 2011)		25.46
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत(वर्ष 2011)		47.91
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		268.59
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		158.70
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		259.07
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		406.13
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		159.1
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		29.8
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 2.43 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर – 27.06 प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर– 29.58 प्रतिशत		4 हेक्टेयर से अधिक–17.93 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		97.38
12	वन क्षेत्रफल–हेक्टेयर (वर्ष 2015–16)		33313
13	एक जिला एक उत्पाद		काष्ठ शिल्प (वुड कार्विग)

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 27403.95 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 9930.68 करोड़ (36.24 प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू0 4731.91 करोड़ (17.27 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 12741.37 करोड़ (46.49 प्रतिशत) का योगदान करता है।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 72153 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी है।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 6003.68 करोड़ है, जिसमे लगभग 65 प्रतिशत अंश में क्रमशः गन्ना 42 प्रतिशत, आम 23 प्रतिशत है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 3304.31 करोड़ है, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस एवं अंडे का योगदान क्रमशः 78 प्रतिशत, 06 प्रतिशत एवं 01 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 4731.91 करोड़ है, जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 1803.03 करोड़ (6.58 प्रतिशत), विनिर्माण खण्ड रू0 2564.55 करोड़ (9.36 प्रतिशत), विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 364.32 करोड़ (1.33 प्रतिशत) का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 12741.37 करोड़ अनुमानित किया गया है, जनपद के सकल मूल्य वर्धन में व्यापार, मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 3032.47 करोड़ (11.07 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान रू0 1720.25 करोड़ (6.28 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 783.68 करोड़ (2.86 प्रतिशत), स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 4350.37 करोड़ (15.87 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 1093.73 करोड़ (3.99 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाएं खण्ड रू0 1761.05 करोड़ (6.43 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्वि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासो के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1–कृषि क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

गन्ना एवं आम उत्पादन में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा) तिलहनी (सरसों) सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैश मल्चिग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति,जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित शोध संस्थानों में प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारो खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, निराई–गुड़ाई खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान ।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था ।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।
- जनपद में जल दोहन का 120 प्रतिशत तक स्तर होने के कारण जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) की वृद्धि की निरन्तरता सुनिश्चित रखने हेतु जल संरक्षण की नितांत आवश्यकता है।

2–MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।
- विनिर्माण क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद व जी0आई0 टैग युक्त उत्पाद–काष्ठ शिल्प (वुड कार्विग) तथा टेक्सटाइल्स, फाउण्ड्री, लेदर फुटवियर क्लस्टर को प्रोत्साहन।
- यहां आम भी एक प्रमुख फसल है। इसकी प्रोसेसिंग (मैंगों जूस, पल्प, कैंडी, स्क्वैश,अमावट, अचार, मुरब्बा, जैम, पना इत्यादि) तथा इनके निर्यात को प्रोत्साहन।
- ई–कामर्स के माध्यम से विक्रय।

3–पर्यटन क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

➢ वर्ष 2019 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 116885 व विदेशी पर्यटकों की संख्या 453 के आगमन की दृष्टि से यह जनपद उत्तर प्रदेश में क्रमशः 62वें व 41वें स्थान पर है।

➢ इस जनपद में शाकुम्भरी देवी का प्रसिद्ध मन्दिर तथा क्राफ्ट/हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल सर्किट जो पर्यटन क्षेत्र का एक भाग है, अतः इससे संबंधित सेवाओं का प्रोत्साहन ।

4–शिक्षा क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

➢ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, दिल्ली, कोटा जैसे कोचिंग संस्थानों व रियायती दरों पर छात्रावासों (रहने व खाने की सुविधा युक्त) को जनपद स्तर पर सामर्थ्यनुसार व आवश्यकतानुसार विकसित करना।

➢ रोजगारपरक शिक्षा, एजुकेशन लोन की उपलब्धता तथा जनपद में स्थित उद्योगों में कुशल मानव श्रम की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहन।

❄❄❄❄

मुजफ्फरनगर

1	क्षेत्रफल–293815 (हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 285654	2025
	नगरीय–	हेक्टेयर 8161	805
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत (वर्ष 2011)		26.20
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत (वर्ष 2011)		51.52
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		215.60
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		106.63
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		213.63
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		319.42
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		149.5
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		52.8
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 26.97 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर –25.66 प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर– 27.49 प्रतिशत,		4 हेक्टेयर से अधिक– 19.87 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		95.03
12	वन क्षेत्रफल– हेक्टेयर (वर्ष 2015–16)		24054
13	एक जिला एक उत्पाद		गुड़ उत्पाद

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 24275.87 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 8664.93 करोड़ (35.69 प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू0 4600.95 करोड़ (18.95 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 11009.99 करोड़ (45.35 प्रतिशत) का योगदान करता है।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 78329 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 5481.11 करोड़ है, जिसमे लगभग 70 प्रतिशत अंश गन्ने का है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 2899.87 करोड़ है, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस का योगदान क्रमशः 82 प्रतिशत, 07 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 4600.95 करोड़ है। जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 1788.35 करोड़ 7.37 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड रू0 2284.12 करोड़, (9.41 प्रतिशत), विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 528.47 करोड़ 2.18 प्रतिशत का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 11009.99 करोड़ अनुमानित किया गया है, जिसमें व्यापार, मरम्मत होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 2659.12 करोड़ (10.95 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान 1285.30 करोड़ (5.29 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 746.77 करोड़ (3.08 प्रतिशत), स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 2774.13 करोड़ (11.43 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 2434.69 करोड़ (10.03 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाएं खण्ड रू0 1109.97 करोड़ (4.57 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1–कृषि के अपेक्षित कार्य–

यह जनपद गन्ना उत्पादन में प्रदेश में मुख्य स्थान रखता है। इस क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा), तिलहनी (सरसों) सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैशमल्चिंग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति, जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के गन्ना किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित गन्ना शोध संस्थानों में प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारा गन्ने के खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, निराई–गुड़ाई, खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान ।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था ।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।

2. MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।
- यहॉ गुड़ होल सेल की बड़ी मंडी है। अतः गुड़ उत्पाद के निर्यात हेतु प्रोत्साहन।
- वुडेन फर्नीचर, मैट, एग्रीकल्चर इक्विपमेण्ट्स क्लस्टर को प्रोत्साहन।
- ई–कामर्स के माध्यम से विक्रय।

3–पर्यटन क्षेत्र के अपेक्षित कार्य

- वर्ष 2019 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 971301 व विदेशी पर्यटकों की संख्या 163 के आगमन की दृष्टि से यह जनपद उत्तर प्रदेश में क्रमशः 37वें व 49वें स्थान पर है।
- इस जनपद में स्थित शुक्रताल तथा हस्तिनापुर वाइल्ड लाइफ सैंच्युरी को और अधिक सुविधा युक्त बनाते हुये आस–पास के पर्यटन क्षेत्रों का विकास।

4–शिक्षा क्षेत्र के अपेक्षित कार्य

➢ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी जैसे कोचिंग संस्थानों व रियायती दरों पर छात्रावासों (रहने व खाने की सुविधा युक्त) को जनपद स्तर पर सामर्थ्यनुसार व आवश्यकतानुसा विकसित करना।

➢ रोजगारपरक शिक्षा, एजुकेशन लोन की उपलब्धता तथा जनपद में स्थित उद्योगों में कुशल मानव श्रम की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहन।

❄❄❄❄

शामली

1	क्षेत्रफल–127683 (हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 118808	928
	नगरीय–	हेक्टेयर 8875	386
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत (वर्ष 2011)		24.7
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत (वर्ष 2011)		
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		106.01
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		63.75
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		105.99
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		169.74
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		160.1
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		37.2
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 0 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर – 0 प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर– 0 प्रतिशत		4 हेक्टेयर से अधिक– 0 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		98.52
12	वन क्षेत्रफल– हेक्टेयर (वर्ष 2015–16)		5484
13	एक जिला एक उत्पाद		रिम एवं धुरा (एक्सेल)

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 9713.01 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 4422.79 करोड़ (45.53 प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू0 1660.11 करोड़ (17.09 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 3630.11 करोड़ (37.37 प्रतिशत) का योगदान करता है ।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 71969 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 2749.94 करोड़ है, जिसमे लगभग 75 प्रतिशत अंश में क्रमशः गन्ना 58 प्रतिशत, धान 5 प्रतिशत एवं गेहूँ 12 प्रतिशत है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 1459.07 करोड़ ह, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस एवं अंडे का योगदान क्रमशः 86 प्रतिशत, 03 प्रतिशत एवं 01 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 1660.11 करोड़ है। जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 763.92 करोड़ (7.86 प्रतिशत), विनिर्माण खण्ड रू0 638.15 करोड़ (6.57 प्रतिशत), विद्युत गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 258.04 करोड़ (2.66 प्रतिशत) का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 3630.11 करोड़ अनुमानित किया गया है, जिसमें व्यापार, मरम्मत होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 1205.71 करोड़ (12.41 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान 451.71 करोड़ (4.65 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 266.91 करोड़ (2.75 प्रतिशत) स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 1246.35 करोड़ (12.83 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 42.51 करोड़ (0.44 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाऐं खण्ड रू0 416.92 करोड़ (4.29 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1. कृषि के अपेक्षित कार्य–

गन्ना उत्पादन में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा), तिलहनी (सरसों) सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैश मल्चिग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति ,जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के गन्ना किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित गन्ना शोध संस्थानों में प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारा गन्ने के खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, निराई–गुड़ाई, खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान ।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।
- जनपद में जलदोहन का 109 प्रतिशत तक स्तर होने के कारण जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) की वृद्धि की निरन्तरता सुनिश्चित रखने हेतु जल संरक्षण की नितांत आवश्यकता है।

2. MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।
- विनिर्माण क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद रिम एवं धुरा हेतु क्लस्टर का विकास व प्रोत्साहन।
- ई–कामर्स के माध्यम से विक्रय।

3–शिक्षा क्षेत्र के अपेक्षित कार्य

- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी जैसे कोचिंग संस्थानों व रियायती दरों पर छात्रावासों (रहने व खाने की सुविधा युक्त) को जनपद स्तर पर सामर्थ्यनुसार व आवश्यकतानुसार विकसित करना।
- रोजगारपरक शिक्षा, एजुकेशन लोन की उपलब्धता तथा जनपद में स्थित उद्योगों में कुशल मानव श्रम की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहन।

❄❄❄❄

बिजनौर

1	क्षेत्रफल–464545 (हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 451371	2758
	नगरीय–	हेक्टेयर 13174	925
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत (वर्ष 2011)		22.80
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत (वर्ष 2011)		50.27
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		332.33
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		78.46
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		325.36
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		388.89
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		123.6
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		50.0
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 32.54 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर –29.25 प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर– 25.78 प्रतिशत,		4 हेक्टेयर से अधिक– 12.42 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		95.80
12	वन क्षेत्रफल– हेक्टेयर(वर्ष 2015–16)		54451
13	एक जिला एक उत्पाद		काष्ठ शिल्प (वुड क्राफ्ट)

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 27967.98 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 9334.98 करोड़ (33.38 प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू0 6157.17 करोड़ (22.02 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 12475.82 करोड़ (44.61 प्रतिशत) का योगदान करता है ।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 69934 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 6494.58 करोड़ है, जिसमे लगभग 80 प्रतिशत अंश में क्रमशः धान 5 प्रतिशत, गेहूँ 12 प्रतिशत एवं गन्ना 63 प्रतिशत है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 1568.25 करोड़ है, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस का योगदान क्रमशः 80 प्रतिशत, 5 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 6157.17 करोड़ है। जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 2695.45 करोड़ (9.64 प्रतिशत), विनिर्माण खण्ड रू0 2919.70 करोड़

(10.44 प्रतिशत), विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 542.03 करोड़ (1.94 प्रतिशत) का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 12475.82 करोड़ अनुमानित किया गया है, जिसमें व्यापार, मरम्मत होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 2976.94 करोड़ (10.64 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान रू0 1486.59 करोड़ (5.32 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 789.36 करोड़ (2.82 प्रतिशत), स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 3675.38 करोड़ (13.14 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 1703.32 करोड़ (6.09 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाएं खण्ड रू0 1844.24 करोड़ (6.59 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1–कृषि के अपेक्षित कार्य–

यह जनपद गन्ना उत्पादन में मुख्य स्थान रखता है तथा गन्ना एवं गेहूँ उत्पादन के क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा) तिलहनी (सरसों) सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैशमल्चिंग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति, जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित कृषि सम्बन्धी शोध संस्थानोंमें प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारा खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, खेत में कब निराई–गुड़ाई, खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।
- प्रामाणिक व शोधित बीज व ससमय खाद, कीटनाशक व खरपतवारनाशी तथा सिंचाई की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।
- कृषि उत्पाद की घोषित एम0एस0पी पर खरीद सुनिश्चित करवाना।

2–MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।
- विनिर्माण क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद काष्ठ शिल्प (वुड क्राफ्ट), बेंत और बॉस तथा पेंटिग ब्रश इण्डस्ट्रीज, मेटल यूटेन्सिल्स के क्लस्टर का विकास एवं प्रोत्साहन।

➢ गेहूँ के पराली को जैविक खाद, बिजली बनाने हेतु उपयोग में लाना, कप प्लेट बनवाने हेतु उपयोग में लाना।

➢ गेहूँ की फसल के उपउत्पाद आटा, मैदा (मैदे पर बेकरी, नमकीन आदि उद्योग निर्भर करता है) सूजी, दलिया सम्बन्धी उद्योगों को प्रोत्साहन।

➢ ई–कामर्स के माध्यम से विक्रय।

3–पर्यटन क्षेत्र के अपेक्षित कार्य

➢ वर्ष 2019 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 2524086 व विदेशी पर्यटकों की संख्या 258 के आगमन की दृष्टि से यह जनपद उत्तर प्रदेश में क्रमशः 16वें व 47वें स्थान पर है।

➢ इस जनपद में स्थित विदुरकुटी, पत्थरगढ़ (नजीबुद्दौला का किला), दरगाह आलिया जोगीपुरा तथा हस्तिनापुर वाइल्ड लाइफ सैंच्युरी को और अधिक सुविधा युक्त बनाते हुये आस–पास के पर्यटन क्षेत्रों का विकास।

4–शिक्षा क्षेत्र के अपेक्षित कार्य

➢ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी जैसे कोचिंग संस्थानों व रियायती दरों पर छात्रावासों (रहने व खाने की सुविधा युक्त) को जनपद स्तर पर सामर्थ्यनुसार व आवश्यकतानुसार विकसित करना।

➢ रोजगारपरक शिक्षा, एजुकेशन लोन की उपलब्धता तथा जनपद में स्थित उद्योगों में कुशल मानव श्रम की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहन।

❄❄❄❄

मुरादाबाद

1	क्षेत्रफल–223920(हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 215312	1914
	नगरीय–	हेक्टेयर 8608	1201
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत (वर्ष 2011)		23.16
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत (वर्ष 2011)		49.81
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		173.10
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		137.89
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		168.07
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल–हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		254.67
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		179.7
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		15.5
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 38.05 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर – 25.99 प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर– 24.20 प्रतिशत,		4 हेक्टेयर से अधिक–11.77 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		97.07
12	वन क्षेत्रफल– हेक्टेयर (वर्ष 2015–16)		64
13	एक जिला एक उत्पाद		धातु शिल्प

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 26641.84 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 4306.22 करोड़ (16.16प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू0 9942.02 करोड़ (37.32 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 12393.60 करोड़ (46.52 प्रतिशत) का योगदान करता है ।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 74510 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 3235.18 करोड़ है, जिसमे लगभग 70 प्रतिशत अंश में क्रमशःगन्ना 31 प्रतिशत, धान 20 प्रतिशत एवं गेहूँ 19 प्रतिशत है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 798.01 करोड़ है, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस एवं अंडे का योगदान क्रमशः 84 प्रतिशत, 07 प्रतिशत एवं 01 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 9942.02 करोड़ है। जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 2567.33 करोड़ (9.64 प्रतिशत), विनिर्माण खण्ड रू0 7028.70 करोड़ (26.38 प्रतिशत), विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 345.99 करोड़ (1.30 प्रतिशत) का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 12393.60 करोड़ अनुमानित किया गया हैजिसमें व्यापार, मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 2748.63 करोड़ (10.32 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान रू0 2123.37 करोड़ (7.97 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 928.50 करोड़ (3.49 प्रतिशत), स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 2844.15 करोड़ (10.68 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 2321.76 करोड़ (8.71 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाएं खण्ड रू0 1427.80 करोड़ (5.36 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1–कृषि के अपेक्षित कार्य–

गन्ना, धान एवं गेहूँ उत्पादन के क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा) तिलहनी (सरसों) सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैशमल्चिंग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति,जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित कृषि सम्बन्धी शोध संस्थानोंमें प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारा खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, खेत में कब निराई–गुड़ाई, खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।
- प्रामाणिक व शोधित बीज व ससमय खाद, कीटनाशक व खरपतवारनाशी तथा सिंचाई की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।
- कृषि उत्पाद की घोषित एम0एस0पी पर खरीद सुनिश्चित करवाना।

2–MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र होने के कारण इस क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- विनिर्माण क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद धातु शिल्प (जी0आई0टैग युक्त), मेंथा के उत्पादन, प्रसंस्करण और प्रसंस्कृत उत्पाद तथा ब्रासवेयर, ब्रास ऑर एल्युमिनियम इनगॉट मेकिंग, हैण्डलूम, आरर्टिस्टिक दरी–रग्स वूलेन, जीन्स और रेडीमेड गारॅमेण्ट, ऐडिबल आयल, लेदर शू एण्ड चप्पल, हॉर्न एण्ड बोन क्लस्टर का विकास एवं निर्यात को प्रोत्साहन।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।

➢ गेहूँ एवं धान की पराली को जैविक खाद, बिजली बनाने हेतु उपयोग में लाना, कप प्लेट बनवाने हेतु उपयोग में लाना।

➢ धान के उप उत्पाद जैसे लावा, चिवडा, राइस ब्रान ऑयल, धान की भूसी का उपयोग बिजली बनाने हेतु।

➢ गेहूँ की फसल के उप उत्पाद आटा, मैदा (मैदे पर बेकरी, नमकीन आदि उद्योग निर्भर करता है) सूजी, दलिया सम्बन्धी उद्योगों को प्रोत्साहन।

➢ ई–कामर्स के माध्यम से विक्रय।

3–पर्यटन क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

➢ वर्ष 2019 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 552176 व विदेशी पर्यटकों की संख्या 2146 के आगमन की दृष्टि से यह जनपद उत्तर प्रदेश में क्रमशः 48वें व 28वें स्थान पर है।

➢ इस जनपद में क्राफ्ट/हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल सर्किट जो पर्यटन क्षेत्र का एक भाग है, अतः इससे संबंधित सेवाओं को प्रोत्साहन ।

4–शिक्षा क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

➢ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी जैसे कोचिंग संस्थानों व रियायती दरों पर छात्रावासों (रहने व खाने की सुविधा युक्त) को जनपद स्तर पर सामर्थ्यनुसार व आवश्यकतानुसार विकसित करना।

➢ रोजगारपरक शिक्षा, एजुकेशन लोन की उपलब्धता तथा जनपद में स्थित उद्योगों में कुशल मानव श्रम की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहन।

❄❄❄❄

सम्भल

1	क्षेत्रफल–245330 (हे0) कुल प्रतिवेदित (वर्ष 2015–16)		कुल जनसंख्या (हजार में)
	ग्रामीण–	हेक्टेयर 238797	1731
	नगरीय–	हेक्टेयर 6533	468
2	कुल जनंसख्या में मुख्य कर्मकरों का प्रतिशत (वर्ष 2011)		24.6
3	कृषि में लगे मुख्य कर्मकरों का कुल मुख्य कर्मकरों से प्रतिशत (वर्ष 2011)		
4	शुद्ध बोये गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		192.53
5	एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर(वर्ष 2017–18)		179.76
6	शुद्ध सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		180.32
7	सकल सिचिंत क्षेत्रफल– हजार हेक्टेयर (वर्ष 2017–18)		274.96
8	फसलता सघनता–(वर्ष 2017–18)		193.4
9	सकल बोये गये क्षेत्रफल में वाणिज्यिक फसलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत–(वर्ष 2017–18)		13.1
10	विभिन्न कृषि आकार वर्गानुसार क्षेत्रफल का प्रतिशत वितरण–		
	1 हेक्टेयर से कम– 0 प्रतिशत		1 से 2 हेक्टेयर – 0प्रतिशत
	2 से 4 हेक्टेयर–0 प्रतिशत,		4 हेक्टेयर से अधिक– 0 प्रतिशत
11	शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का कृषि योग्य भूमि से प्रतिशत–(वर्ष 2014–15)		96.78
12	वन क्षेत्रफल– हेक्टेयर (वर्ष 2015–16)		232
13	एक जिला एक उत्पाद		सींग एवं अस्थि उत्पाद

प्रचलित भावों पर वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) के लिय जनपद का सकल मूल्य वर्धन (जी0वी0ए0) रू0 13094.83 करोड़ अनुमानित है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र जिले की कुल आय में रू0 4635.31 करोड़ (35.40 प्रतिशत), माध्यमिक क्षेत्र रू03017.31 करोड़ (23.04 प्रतिशत) तथा तृतीयक क्षेत्र रू0 5442.21 करोड़. (41.56 प्रतिशत) का योगदान करता है ।

❖ प्रचलित भावों पर जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू0 53289 (वर्ष 2018–19) आंकलित की गयी।

जनपद की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण खण्डः–

1. फसल खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 3381.34 करोड़ है, जिसमे लगभग 55 प्रतिशत अंश में क्रमशः गेहूँ 25 प्रतिशत, गन्ना 19 प्रतिशत, धान 8 प्रतिशत एवं आलू 3 प्रतिशत है।

2. पशुधन खण्ड में सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 1129.97 करोड़ है, जिसमें मुख्यतः दूध, मांस का योगदान क्रमशः 76 प्रतिशत, 06 प्रतिशत है।

3. माध्यमिक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 3017.31 करोड़ है। जनपद के सकल मूल्य वर्धन में निर्माण खण्ड रू0 1636.50 करोड़ (12.50 प्रतिशत) विनिर्माण खण्ड रू0 1161.90 करोड़

(8.87 प्रतिशत), विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं रू0 218.91 करोड़ (1.67 प्रतिशत) का योगदान है।

4. तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन प्रचलित भावों पर रू0 5442.21 करोड़ अनुमानित किया गया है, जिसमें व्यापार, मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह खण्ड का रू0 1405.28 करोड़ (10.73 प्रतिशत), परिवहन, संग्रहण तथा संचार खण्ड का योगदान रू0 777.90 करोड़ (5.94 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं खण्ड का रू0 440.11 करोड़ (3.36 प्रतिशत), स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यावसायिक सेवाओं खण्ड का रू0 1993.56 करोड़ (15.22 प्रतिशत), लोक प्रशासन और रक्षा खण्ड रू0 36.53 करोड़ (0.28 प्रतिशत) तथा अन्य सेवाएं खण्ड रू0 788.83 करोड़ (6.02 प्रतिशत) का योगदान रहा।

जिला घरेलू उत्पाद (डी0डी0पी0) में सापेक्षिक वृद्धि हेतु जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कतिपय सुझाव–

1–कृषि के अपेक्षित कार्य–

गन्ना आलू तथा गेहूँ उत्पादन के क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।

- गन्ने की खेती से दोहरा लाभ लेने के लिये सह फसली खेती के रूप में गेहूँ, दलहनी (मटर, मसूर, उरद, मूंग, राजमा), तिलहनी (सरसों), सब्जी (तोरिया, लहसुन, मटर, खीरा, लौकी, प्याज) के अलावा औषधीय (एलोविरा, तुलसी, हल्दी) फसलों को सम्मिलत करते हुए एकीकृत खेती।
- गन्ने की सूखी पत्तियों को जलाने के स्थान पर ट्रैशमल्चिंग का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति,जल धारण क्षमता तथा पैदावार में वृद्वि।
- क्षेत्र के किसानों का समय–समय पर प्रदेश में स्थित कृषि सम्बन्धी शोध संस्थानों में प्रशिक्षण व शोध संस्थाओं द्वारा खेती से सम्बन्धी कृषकों की समस्याओं (उत्पादन की वृद्धि प्रमुख किस्म की बीज की उपलब्धता, निराई–गुड़ाई, खाद, सह फसली खेती इत्यादि) का समाधान ।
- खेतों को जंगली व छुट्टा पशुओं से सुरक्षा हेतु बाड़े की व्यवस्था ।
- चीनी मिलों द्वारा भुगतान की नियमितता।
- प्रामाणिक व शोधित बीज व ससमय खाद, कीटनाशक व खरपतवारनाशी तथा सिंचाई की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करवाना।
- कृषि उत्पाद की घोषित एम0एस0पी पर खरीद सुनिश्चित करवाना।

2–MSME क्षेत्र के अपेक्षित कार्य–

- विनिर्माण क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिन्दुओं पर विचार किया जा सकता है।
- खाण्डसारी उद्योगों को प्रोत्साहन।
- विनिर्माण क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद सींग एवं अस्थि (ज्वैलरी, किचनवेयर, लकड़ी की छड़ी) उत्पाद का विकास एवं निर्यात को प्रोत्साहन।

